

## एक नजर में

### गोदड़ी वाला धाम में संतों का हो रहा है आगमन



**बुरहानपुर।** गोदड़ी वाला धाम बुरहानपुर में संतों का हो रहा है आगमन 8 दिसंबर को बड़े ही धूमधाम से उत्साह एवं उमंग से वर्षी महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया, तीन दिवसीय कार्यक्रम संतों के आगमन से हो रहा है जलगांव साहब से संत साइ देवीदास साहब स्वयं साक्षात पधारें। 8 दिसंबर को दोपहर में संतों का बुरहानपुर प्रवेश हुवा तत्पश्चात धाम पर रंगारंग झंडा वंदन कार्यक्रम किया गया। सायं शोभा यात्रा पूरे सिंधी कॉलोनी में अपनी पवित्रता निछावर करते हुए अति आकर्षक रूप में झांकीयों के रूप में साक्षात लोगों को दर्शन एवं आशीर्वाद दिया। ऐसी शोभायात्रा विगत 25 वर्षों में आप लोगों ने बुरहानपुर नगरी में नहीं देखी होगी। इतनी आकर्षक इतनी सुंदर इतनी भव्य और इतनी बेशुमार डिजाइन बनाकर जो झांकियां पेश की गई है, वह मनमोहन थी। 8 तारीख को गोदड़ी वाला धाम में सत्संग और संतों नेआशीर्वाद दिया, इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा, रंगारंग कार्यक्रम और 9 दिसंबर को महिला मंडल द्वारा बालको द्वारा स्टेज प्रोग्राम रंगारंग कार्यक्रम किया गया। 10 तारीख को विशेष सिंधी समाज के लिए एक पूजा भक्ति के लिए प्रसाद के रूप में भंडारा होगा। संस्था के बसंत सावलानी, रमेश साबलानी, टीकम दास नागदेव, किशोर मालानी, विनोद पंजवानी एवं विनोद पंजवानी, मुकेश वाधवानी, किशोर माखीजानी, दयाराम पूज्य पंचायत माना कैंप, देवी दास की रमाणी पूजा पंचायत माना कैंप ने अनुरोध किया कि इस धार्मिक योजना का आयोजन का लाभ लेकर अपना मानव जीवन सफ्ल बनाएं।

### जनसुनवाई में 70 आवेदन पत्रों पर की सुनवाई




**बुरहानपुर।** शासन के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्री सृजन वर्मा एवं अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान द्वारा नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं को सुना गया एवं संबंधित विभाग के अधिकारी से चर्चा कर त्वरित एवं नियमानुसार समाधान हेतु निर्देशित किया गया। आयोजित जनसुनवाई में 70 आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण .2026 : एएसडीआर सूची सत्यापन हेतु विशेष ग्राम सभाएं आयोजित



**बुरहानपुर।** जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जा रही है। इस दौरान विशेष रूप से अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की सूची का सघन सत्यापन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी, सुपरवाईजर्स, बीएलओ अपने.अपने क्षेत्रों में घर.घर जाकर मतदाताओं के नाम और विवरण की जांच कर रहे हैं। आयोजित ग्राम सभाओं में सत्यापन प्रक्रिया के दौरान आवश्यक कारण दर्ज कर संबंधित व्यक्तियों के हस्ताक्षर लिए जा रहे हैं। इस प्रक्रिया में सभी क्षेत्रवासी सक्रिय रूप से सहभागिता कर रहे है। गणना पत्रक प्राप्त होने के बाद अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं को छोड़कर अन्य सभी पात्र मतदाताओं के नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। इस सूची का प्रकाशन 16 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। जिले में यह विशेष पुनरीक्षण कार्य पारदर्शिता और नियमों के अनुसार संपन्न किया जा रहा हैए ताकि आगामी निर्वाचन में सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत



**बुरहानपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा.तफरी मच गईऔर बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। बुरहानपुर के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में जहाँ अचानक उस समय अफरा.तफरी मच गईजब एक तेज रफ्तार ट्राले की चपेट में आने सेबाइक सवार व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बादमौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। और कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही गणपति थाना पुलिस मौके पर पहुँची और ट्राले को अपने कब्जे में ले लिया। गणपति नाका थाना के किशोर सिंह एएसआई गणपति थाना ने बताया मृतक की पहचान इंदिरा कॉलोनी निवासी घनश्याम माहेश्वरी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है।

### शाहपुर में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण नेत्र शिविर कल

**शाहपुर।** जिला प्रशासन, जिला अंधत्व निवारण समिति एवं शंकरा आई सेंटर इंदौर के संयुक्त समन्वय से 11 दिसंबर 2025 गुरुवार को नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ.आर.के.वर्मा ने बताया किए यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद, शाहपुर में प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित रहेगा। ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को ऑपरेशन, दवाइयाँ, काला चश्मा, भोजन और परिवहन की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। ऑपरेशन स्थल शंकरा आई सेंटर इंदौर है। पंजीयन एवं जांच के लिए मरीजों को आधार कार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति, मोबाइल नंबर एवं दवाईयां यदि पहले से कोई दवाई लेते हो तो उनकी जानकारी होना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए मो.नं. 62329.06010 पर संपर्क किया जा सकता है।

## चाय पैकिंग यूनिट पर खाद सुरक्षा विभाग उड़न दस्ते की छापामार कार्रवाई

**2 फर्मो पर कार्रवाई, 21 लाख से अधिक की चायपत्ती कुल मात्रा 18,042 किलोग्राम जब्त**





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संभाग स्तरीय उड़नदस्ता एवं स्थानीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी के दल द्वारा बुरहानपुर जिले में विभिन्न खाद्य निर्माताओं पर कार्रवाई की गई।

फर्म प्रोमिस टी कंपनी, इंद्रा कॉलोनी, बुरहानपुर से सुनील जगनानी की उपस्थिति में प्रॉमिस हनी गोल्ड टी एवं अन्य ब्रांड की चाय पत्ती के कुल 8 नमूने जांच हेतु लिए गए। मौके पर विभिन्न ब्रांड की चाय पत्ती की कुल मात्रा 18,042 किलोग्राम जप्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 21,02,178 रूपये है।

फर्म परीयालदास एंटरप्राइजेज, सिंधीबस्ती बुरहानपुर से प्रोप्राइटर विजय जगनानी की उपस्थिति में करोड़पति चाय पैक एवं असम चाय पैक के नमूने जांच हेतु लिए गए। मौके पर पैकिंग उपरांत विक्रय हेतु संग्रहित असम चाय पत्ती की कुल मात्रा 320 किलोग्राम जप्त किया। जिसकी कीमत 57,600 रूपये एवं करोड़पति चाय पैक कुल मात्रा 50 किलो ग्राम, जिसकी कीमत 14,000/- रूपये जप्त किया गया। मौके पर वैद्य खाद्य लाइसेंस नहीं पाए जाने से परिसर से कारोबार संचालन बंद करवाया गया।

संभाग दल एवं स्थानीय विभाग द्वारा कुल 10 नमूने को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजा गया है, जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**जांच दल में यह रहे शामिल:**- कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी हीरालाल आवासिया, कमलेश डावर, राहुल सिंह अलावा, सुभाष खेड़कर, धर्मेंद्र कुमार सोनी शामिल रहे।

**क्या कहते है अधिकारी:**-खाद सुरक्षा विभाग के इंदौर संभागीय उडन दस्ता प्रभारी एचएल आवस्या ने बताया शिकायत मिलने के बाद टीम गठित की गई शिकायत सही पाए जाने पर यहां पहुंचकर चाय पत्ती के सैंपल लिए गए जिन्हें जांच के लिए लैब भेजा जाएगा, आरोप सिध्द होने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## बुरहानपुर के डॉ .बकुल लाड़ को पीएचडी



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** एमिटी यूनिवर्सिटी, नॉएडा द्वारा मध्य प्रदेश में जैव विविधता संरक्षण विषय स्टेटस ऑफ इनवेस्टमेन्ट बॉय सिलेक्टेड पब्लिक सेक्टर्स फॉर मेनस्ट्रेमिंग बॉयो डावर्सीटी इन मध्यप्रदेश शोध कार्य पर दिनांक 06 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में आयोजित कांवोकेशन कार्यक्रम में डॉ.बकुल लाड़, कार्यपालक निदेशक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, भोपाल पुत्र. स्व.बालकृष्णदास ठाकोरदास लाड़, विसालाड समाज, निवासी बुरहानपुर को पीएचडी वाईल्डसाईफ साइंन्स उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्री भारत सरकार के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ। समाजबंधुओ ने उन्हे इस उपलब्धी पर बधाई दी।

## विश्व मांगल्य सभा राष्ट्रव्यापी महिला संगठन : मंजूषा

**विश्व मांगल्य सभा की बैठक अखिल भारतीय संगठन मंत्री की उपस्थिति में संपन्न**



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** विश्व मांगल्य सभा एक राष्ट्रव्यापी महिला संगठन है, इसका उद्देश्य मातृभाव, संस्कार, सेवा और समाज.राष्ट्र के उत्थान के माध्यम से सशक्त परिवार एवं सशक्त समाज का निर्माण करना है। विश्व मांगल्य सभा राष्ट्र निर्माण की दिशा में तथा पूरे देश में सुदृढ़ एवं सक्षम मातृत्व निर्माण का कार्य कर रहा है। देव, देश व धर्म से परिपूर्ण मातृत्व का निर्माण ही विश्वमांगल्य सभा का उद्देश्य है।

यह बात आज सांसद कार्यालय पर आयोजित बैठक मैं विश्व मांगल्य सभा की जनजातीय कल्याण विभाग की अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्रीमती मंजूषा प्रफुल्य लोंडे ने कही। उन्होंने बताया कि महिलाओं में निहित मातृत्व शक्ति को जागृत करना और उन्हें समाज निर्माण में सशक्त बनाना तथा महिलाओं को भारतीय सभ्यता में माँ और देवी के स्थान पर पुन: स्थापित करने की दिशा में विश्वमांगल्य सभा निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने आदिवासियों को धर्मांतरण को लेकर जागरूक करने का आव्हान उपस्थितजनों से करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने धर्मांतरण का विरोध कर आदिवासी समाज को अपनी मूल संस्कृति से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया था।

मालवा प्रांत उपाध्यक्ष श्रीमती जयश्री ज्ञानेश्वर पाटील ने इस अवसर पर कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विस्तार पुर्वक संस्था संबधित जानकारी बैठक में प्रस्तुत की।

बताया गया है कि कि भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज में अंधविश्वास, नशाखोरी और जाति.भेद जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाई और अपने अनुयायियों को एकता, सादगी और सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। जनजातीय समुदाय को जागरूक करने की दिशा में विश्व मांगल्य सभा द्वारा किए जा रहे प्रयास से भी लाभ हो रहा है।

इस अवसर पर विश्व मांगल्य सभा मालवा प्रांत उपाध्यक्ष श्रीमती जयश्री ज्ञानेश्वर पाटील, जिला अध्यक्ष श्रीमती अनुराधा महाजन, उपाध्यक्ष श्रीमती शैलजा यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गंगाराम मार्को, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती किरण रायकवार, श्रीमती करुणा भट्ट, श्रीमती संध्या कदवाने, श्रीमती शर्मिला बाई, श्रीमती सावित्री बत्रा आदि मौजूद रहे।

## भाजपा खकनार मंडल में एसआईआर को लेकर बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज,**
**खकनार।** नेपानगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खकनार मंडल के ग्राम करदली में महाराष्ट्र सीमा के समीप बूथ क्र.299 पर भाजपा कार्यकर्ताओं की एसआईआर को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता गजेन्द्र पाटील ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में किसी भी फर्जी नाम को जुड़ने से रोकना और यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए।

उन्होंने इस अभियान को लोकतांत्रिक चुनाव प्रणाली को पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया साथ ही जोर देकर कहा कि सभी पात्र मतदाताओं के नाम हर हाल में वोटर लिस्ट में शामिल होने चाहिए यह हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। भाजपा इस एसआईआर अभियान को जमीनी स्तर पर सक्रियता से चला रही हैए जिसमें कार्यकर्ता बूथों पर सहयोग कर रहे हैं ताकि मतदाता सूची त्रुटिरहित बन सके। बैठक में सशक्तिकरण, संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी विस्तृत चर्चा कर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मनोज माने, भाजपा जिला महामंत्री राहुल जाधव, मंडल अध्यक्ष महेंद्र जोगी, बुध अध्यक्ष जगदीश धानडे, सोनू भावसार, शुभम पवार सहित समस्त भाजपा कार्यकर्तगण उपस्थित रहे।

## महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पखवाड़े का भव्य समापन समारोह



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले में संचालित महत्वाकांक्षी परियोजना सेव टूरिज्म डेस्टिनेशन फॉर वुमेन के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पखवाड़े 25 नवंबर से 10 दिसंबरद्ध का आज भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में लगभग 250.300 पर्यटन सखियाँ एवं विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में एसआई. सुनील पाटिल, साईबर क्राइम एक्सपर्ट से महेंद्र प्रताप सिंह, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव एडवोकेट संतोष देवताले व डी एटीसीसी बुरहानपुर से श्रीमती राजकुमारी ठाकुर व मोहम्मद नौशाद उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने श्महिला हिंसा को रोकें। हम कैसे आगे बढ़ सकते है विषय पर अपने प्रेरक विचार साझा किए तथा महिलाओं.बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर बल दिया। संस्थापक श्रीमती माधुरी शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए परियोजना की अब तक की यात्राए उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के माध्यम से जिले को महिलाओं के लिए पूर्णत: सुरक्षित पर्यटन स्थल बनाने का संकल्प लिया गया है तथा इसके लिए पर्यटन सखियों का व्यापक प्रशिक्षण, सामुदायिक जागरूकता अभियान एवं पुलिस.प्रशासन के साथ सतत समन्वय किया जा रहा है।

शर्मा ने कहाए श्आज का यह आयोजन केवल समापन नहीं, बल्कि महिला हिंसा के खिलाफ एक नई शुरुआत है।

## सायबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 1 लाख की राशि पीड़ित के खाते में करवाई वापस




**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे जिला बुरहानपुर के सभी थानो पर सायबर हेल्प डेस्क की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है अत: सायबर संबंधी शिकायते संबंधित थानो के माध्यम से त्वरित दर्ज करायी जा सकती है, शिकायतकर्ता नीरज असेरकर निवासी मोमिनपुरा थाना शिकारपुरा द्वारा सायबर सेल बुरहानपुर में शिकायत दर्ज की गयी थी। शिकायत में बताया गया कि फरियादी के मोबाइल में एक एपीके फाइल आयी थी जिस पर क्लिक करने से फ़रियादी का मोबाइल हैक हो गया उसके बाद फ़रियादी के मोबाइल में क्रेडिट कार्ड का ओटीपी आया जिससे फ्रॉडस्टर ने पीड़ित के खाते से कुल ? 1,06,948/-की राशि की धोखाधड़ी कर ली जिससे फ्रॉडस्टर ने फ्लिपकार्ट ऐप से एक आईफ़ोन तथा एक नथिंग फ़ोन ऑर्डर कर ऑनलाइन शॉपिंग में रुपये इस्तेमाल किया था। शिकायतकर्ता के साथ धोखाधड़ी होने के बाद पीड़ित ने तुरंत ही सायबर सेल जिला बुरहानपुर मे अपनी शिकायत दर्ज की जिस पर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में सायबर सेल टीम द्वारा शिकायत को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल नेशनल सायबर क्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल पर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कर सायबर सेल द्वारा त्वरित ही फ्लिपकार्ट नोडल को ईमेल तथा फ़ोन से संपर्क कर फ्लिपकार्ट से ऑर्डर कैंसल करा कर पीड़ित की राशि उसके बैंक खाते में वापस करवायी गई।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में सायबर टीम साइबर सेल प्रभारी प्रीतम सिंह ठाकुर, आरक्षक दुर्गेश पटेलए, सत्यपाल बोपचे, ललित चौहान, शक्तिसिंह तोमर द्वारा फ्लिपकार्ट नोडलए से निरंतर समन्वय स्थापित कर त्वरित व प्रभावी प्रयासों के परिणाम स्वरूप फ्रॉड की गई राशि 1,06,948/-. को सफ्लतापूर्वक राशि पीड़ित नीरज असेरकर के बैंक खाते में सुरक्षित रूप से रिफंड करा दी गई। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने साइबर सेल टीम के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उन्हें प्रकरण निराकरण हेतु उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई दी है।

**आमजन हेतु साइबर सुरक्षा सलाह:**-किसी भी संदिग्ध ईमेल, लिंक या ऐप पर क्लिक न करें। अपनी बैंकिंग जानकारीए व्न्व्न्ए पासवर्ड या किसी भी व्यक्ति को न दें। केवल आधिकारिक कस्टमर केयर नंबरों से ही संपर्क करें। यदि कोई ऑनलाइन फ्रॉड हो जाए तो तुरंत 1930 पर कॉल करें या शिकायत दर्ज कराएं। तुरंत शिकायत करने से राशि रिकवरी की संभावना बढ़ती है।

## नौ कन्याओं एवं भैरव की प्रत्येक मंगलवार होती पूजा अर्चना



**नवभारत न्यूज,**
**ईच्छापुर।** जिले के ग्राम इच्छापुर देवी नगरी में आज श्री इच्छा देवी मंदिर पर हर मंगलवार को श्री इच्छा देवी मंदिर पर नौ कन्याओं एव भैरव जी का आस्था के साथ दोपहर 12 बजे पुजा अर्चना कि एवं श्री इच्छा देवी की आरती की जाती है और आरती के बाद नौ कन्याओं की एवं भैरव जी की पुजा अर्चना कि जाती है पुजा अर्चना के बाद नौ कन्याओं को भोजन कराया जाता है एवं नौ कन्याओं समीती द्वारा हर साल मार्गशीर्ष माह के आख़री मंगलवार को श्री इच्छा देवी मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया जाता है भंडारे में हाजारो संख्या में महिलाएं और पुरुष महाप्रसाद का लाभ उठाते हैं। यह जानकारी ग्राम के भजनी मंडल सदस्य श्रीराम तायड़े द्वारा दी गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा नौ कन्याओं का पुजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक एवं मिडिया प्रभारी नितिन पंडित भी उपस्थित थे।

**सुदर्शन क्रिया अद्भुत** ▶ **11 वर्ष की बिटिया प्रेरणा दीपक अदमने और बालक रौनक नरेंद्र पवार ने आंख पर पट्टी बांध कर पडे नंबर ...**

## अद्भुत है आर्ट ऑफ लिविंग की सुदर्शन क्रिया, तनाव रहित जीवन जीना सिखाती है : चिंतामन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** अपने परिवार के सदस्यों में 4 दिवस के शिविर के बाद आए हुए परिवर्तन को देखकर मैं यह विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि आर्ट ऑफ़ लिविंग में सिखाई जाने वाली सुदर्शन क्रिया अद्भुत है। साधक शिविर में बताए गए ज्ञान सूत्रों के साथ सहज ही मुस्कुराते हुए तनाव रहित जीवन जिना सीख जाता है। उक्त बात भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री और 3 बार पार्षद रह चुके जाने.माने समाजसेवी चिंतामन महाजन ने सुंदरनगर में स्थित श्री श्री ज्ञान मंदिर सभा ग्रह में संपन्न हुए आर्ट ऑफ़ लिविंग के चार दिवसीय सेमिनार के समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कही। आपने कहा इस शिविर में मेरी धर्मपत्नी के साथ मेरे डॉक्टर बेटी ऐश्वर्या महाजन ने भी अनुभव लिया और इन 4 दिनों में मैंने अपने परिवारजन की जीवनशैली एवं व्यक्तित्व में जो परिवर्तन देखा है, वह निस्संदेह सराहनीय है, जिसका मैं पूरा श्रेय यह शिविर में सिखाई जाने वाली सुदर्शन क्रिया को देता हूँ। प्रतिभागी स्मिता पलोड ने कहा कि सिर्फ सुदर्शन क्रिया नहीं, बल्कि शिविर में खेल खेल में दिए जाने वाले ज्ञान सूत्र में दैनिक जीवन की हर समस्या का समाधान समाहित है। अहमदाबाद से पधारी प्रतिभागी संध्या पालनपूरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह शिविर वर्ष 2025 का मेरे लिए शानदार उपहार साबित हुआ है। मैं बुरहानपुर से बहुत प्रसन्न होकर जा रही हूँ।

शिविर के प्रतिभागी सरदार मंजीत सिंह बिंद्रा और जसवीर बिंद्रा ने कहा कि इस कोर्स को पति पत्नी को साथ में मिलकर करना चाहिए क्योकि मैंने इन चार दिनों में अनुभव किया है कि शिविर का प्रत्येक प्रोसेस और ज्ञान सूत्र विचारों की नकारात्मकता को समाप्त कर आपसी समझ को बढ़ाकर सम्बन्धों को प्रगाढ़ करता है।

संस्था के केंद्र प्रमुख और वरिष्ठ प्रशिक्षक संतोष देवताले ने कहा कि साधना सेवा सत्संग से जुड़े रहोगे तो जीवन में कभी भी आपके साथ अनर्थ नहीं हो सकता। आपने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को शिविर में सिखाई गई साधना और सेवा के संकल्प को आगामी इकतालीस दिवस तक निरंतर रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पोस्ट ऑफिस में कार्यरत अधिकारी श्रीमती मेघा गीते, प्रतिभागी नरेंद्र देशमुख पवार, पूर्व पार्षद जीजा बाई महाजन, मेघा गीते, वर्षा केस्वास, आकाश सोलंकी ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए इसे जीवन बदलने वाला शिविर कहा। भव्य स्तर पर सम्पन्न हुए इस हैप्पीनेस प्रोग्राम शिविर को आयोजित करने में प्रशिक्षक रविन्द्र पंडित, आईआईटी पवई मुंबई से पधारे युवा छात्र प्रथम पंडित, संस्था के सक्रिय वॉलंटियर देशमुख पवार, प्रकाश काशीवाल, दीपक अदमने और देव मोरे का विशेष योगदान रहा। यह शिविर संध्या कालीन सत्र का होने से देर रात तक स्नेह भोज के साथ बड़े हर्षोल्लास के माहौल में शिविर का समापन हुआ।

### 5 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों के लिए बहोत ही सुंदर कोर्स : दीपाली पंडित



समापन सत्र में प्रतिभागियों के परिवारजन तथा बच्चों की उपस्थिति में आर्ट ऑफ़ लिविंग की प्रशिक्षिका और झोनल टीचर कोर्डिनेटर दीपाली रवीन्द्र पंडित ने कहा कि इन्ट्यूशन प्रोसेस 5 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों के लिए बना हुआ बहोत ही सुंदर कोर्स है, आपने विस्तार से जानकारी देते हुए डेमो भी प्रस्तुत किया, जिसमें 11 वर्ष की बिटिया प्रेरणा दीपक अदमने और बालक रौनक नरेंद्र पवार ने आंख पर पट्टी बांध कर आधार कार्ड पर लिखा हुआ नाम तथा नोटों पर अंकित नंबर के साथ सामने खड़े हुए व्यक्ति को बड़ी सहजता के साथ अन्तर्मन के ज्ञान से पहचान कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। आपने ने कहा कि जिस प्रकार 18 वर्ष से ऊपर के महिला पुरुष के लिए आर्ट ऑफ़लिविंग की सुदर्शन क्रिया सृष्टि का अनमोल उपहार है, उसी प्रकार 5 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए इन्ट्यूशन प्रोसेस गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी द्वारा बनाया गया इतना शक्तिशाली कोर्स है की बालक बालिकाएँ इसका प्रशिक्षण पाकर जीवन के हर क्षेत्र में मनचाही सफ्लता प्राप्त कर सकते है।